की थी और समित्ति ने उन में से केवल 17 आवेदन पत्रों के बारे में सिफारिश की है;

(ग) क्या सरकार ने इन आवेदन पत्रों की और जांच पड़ताल करने के लिए सितम्बर, 1967 में एक उप-समिति नियुक्त की थी और इस समिति ने केवल तीन आवेदन-पत्रों का चयन किया था और उन में से एक आवेदन-पत्र में भारत कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटिड, बम्बई ने मध्य प्रदेश में अपना कारखाना स्थापित करने का प्रस्ताव किया है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस बारे में कोई निर्णय किया है और यदि नहीं, तो इस के कब तक किये जाने की संम्भावना है ?

**औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद)** : (क) जी, हां।

(ख) कामत समिति ने केवल 13 आवेदनों को चुना था जो विस्तृत विचार के योग्य थे, किन्तु लाइसेंसिंग समिति ने सूची में 4 और आवेदन बढ़ा दिये थे।

(ग) इन 17 योजनाओं में से सब से अच्छी 4 योजनाओं को आगे विस्तृत जांच के योग्य समझा गया था और लाइसेंस देने के लिये इन में से एक योजना के चयन का मामला सरकार के विचाराधीन है। शेष सभी योजनाओं, जिनमें मैसर्स भारत कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री भी सम्मिलित है, को रद्द कर दिया गया है।

(घ) लाइसेंस प्रदान करने के लिये इन चार में से एक के चयन पर शीघ्र ही निर्णय किये जाने की आशा है।

**Ladakh Nomads**

*1667. SHRI BENI SHANKER SHARMA :
SHRI D. C. SHARMA :
SHRI HARDAYAL DEVGUN :

Will the Minister of LAW AND SOCIAL WELFARE be pleased to state :

(a) the steps taken to better the lot of Ladakh nomads ;

(b) the progress made in this regard ; and

(c) the steps proposed to be taken to better their living conditions further ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW AND IN THE DEPARTMENT OF SOCIAL WELFARE (DR. (SHRIMATI) PHULRENU GUHA) : (a) to (c). The only group recognised as a Nomadic Tribe in Ladakh is CHAMPA. They have been made eligible to all the facilities available to other backward classes in Jammu and Kashmir, such as Pre-matric/Post-matric scholarships and stipends. The Champas also benefit from the general schemes undertaken for the development of Ladakh.

**स्कूटरों का वितरण**

*1668. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री : क्या औद्योगिक विकास-आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि यद्यपि लोगों ने कई वर्ष पहले स्कूटर बुक कराये हुये थे परन्तु फिर भी उन को स्कूटर नहीं मिल रहे हैं;

(ख) हर प्रकार के स्कूटरों के सम्बन्ध में प्रतीक्षा सूची की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार को यह भी पता है कि चोर बाजार में इस प्रकार के स्कूटर तुरन्त उपलब्ध हैं; और

(घ) स्कूटरों की चोर बाजारी को रोकने के लिये, उन के वितरण को विनियमित करने